आईआईएम में डिजिटल हेल्थ प्रोग्राम के लिए पंजीकरण जारी

आईआईएम रायपुर और डिजिटल हेल्थ एकैडमी नई दिल्ली का पोस्ट ग्रेजुएट व डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रोग्राम

नवभारत ब्यूरो । रायपुर।

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर और डिजिटल हेल्थ एकैडमी द्वारा डिजिटल हेल्थ में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम (पीजीसीपीडीएच) और डिप्लोमा प्रोग्राम (डीपीडीएच) के दूसरे बैच के लिए पंजीकरण जारी है। पंजीकरण 25 अगस्त कराया जाना है तथा आवेदनों के लिए अंतिम अंतिम तिथि 25 सितंबर है।

आईआईएम के निदेशक प्रो. रामकुमार कांकानी ने बताया कि पीजीसीपीडीएच और डीपीडीएच प्रोग्रामों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी से जुड़ी सम्पूर्ण समझ को प्रदान करना है। प्रतिभागियों को टेलीमेडिसिन, डेटा विश्लेषण, डिजिटल हेल्थ नीतियों और उद्यमिता जैसे विभिन्न पहलुओं में डिजिटल हेल्थ के संबंध में अंदरूनी जानकारी प्राप्त होगी।

एक वर्ष का है प्रोग्राम:- पीजीसीपीडीएच और डीपीडीएच एक वर्ष तक का प्रोग्राम है, जो प्रतिभागियों को एक संपूर्ण और गहन अध्ययन अनुभव प्रदान करता है।

Navbharat, 1st Aug. 2023,p. 1 (Rajdhani)